समाचार प्रकाशनार्थ

म.प्र. उर्दू अकादमी, संस्कृति परिषद के पुरस्कारों हेतु पुस्तकें आमंत्रित

अंतिम तिथि 02 फरवरी, 2026

मध्यप्रदेश उर्दू अकादमी, संस्कृति परिषद, संस्कृति विभाग द्वारा उर्दू की श्रेष्ठ पुस्तकों पर 6 राष्ट्रीय एवं 13 प्रादेशिक पुरस्कार दिये जाने के लिये 01 जनवरी, 2025 से 31 दिसम्बर, 2025 तक की अवधि में प्रकाशित पुस्तकें 02 फरवरी, 2026 तक आमंत्रित हैं। पुरस्कारों के नाम निम्नानुसार हैं:

अखिल भारतीय पुरस्कार (रूपये 51,000/-)

मीर तक़ी मीर पुरस्कार (उर्दू शायरी), हकीम क़मरूल हसन पुरस्कार (उर्दू पत्रकारिता, शोध एवं आलोचना), हामिद सईद खाँ पुरस्कार (कहानी, लघु कथा), शादाँ इन्दौरी पुरस्कार (निबंध एवं अनुवाद), जौहर कुरैशी पुरस्कार (हास्य व्यंग्य), इब्राहीम यूसुफ़ पुरस्कार (नाटक, दास्तान)

प्रादेशिक पुरस्कार (रूपये 31,000/-)

सिराज मीर खाँ सहर पुरस्कार (उर्दू शायरी), बासित भोपाली पुरस्कार (कहानी लघु कथा), मोहम्मद अली ताज पुरस्कार (रेखाचित्र, रिपोर्ताज़), नवाब सिद्दीक़ हसन खाँ पुरस्कार (उर्दू पत्रकारिता (उर्दू पत्रिका, शोध व आलोचना), शैरी भोपाली पुरस्कार (बाल साहित्य), कैफ़ भोपाली पुरस्कार (उर्दू शिक्षक), शम्भू दयाल सुखन पुरस्कार (अ-उर्दू भाषी लेखकों/शायरों की कृति), शिफ़ा ग्वालियरी पुरस्कार (प्रदेश के लेखक/शायर की पहली कृति), जाँ निसार अख़्तर पुरस्कार (रसाई साहित्य; रसाई, नात, उर्दू साहित्य/शायरी की एक विद्या), पन्नालाल श्रीवास्तव नूर पुरस्कार (आत्मकथा, संस्मरण), सूरज कला सहाय पुरस्कार (यात्रा क्रतांत), नवाब शाहजहाँ बेगम ताजवर पुरस्कार (निबंध एवं अनुवाद), निदा फ़ाज़ली पुरस्कार (उर्दू नज़्म, दोहा, रूबाई)

01 जनवरी, 2025 से 31 दिसम्बर, 2025 में प्रकाशित पुस्तकों के लेखकों से पुस्तक की चार-चार प्रतियाँ निर्धारित फार्म भरकर 02 फरवरी, 2026 तक कार्यालय, म.प्र. उर्दू अकादमी, मुल्ला रमूज़ी संस्कृति भवन, बाणगंगा रोड, भोपाल भेजने का अनुरोध है। निर्धारित फार्म उर्दू अकादमी की वेबसाईट से प्राप्त किया जा सकता है।

म.प्र. उर्दू अकादमी का फोन नं0 0755-2551691 है

तथा ई-मेल mpurduacademy1976@gmail,com

....

भोपाल, दिनांक 05-01-2026

क्रमांक/मप्रउअ/26/770/

कृपया उपरोक्त समाचार हिन्दी, अंग्रेजी, एवं उर्दू के दैनिक समाचार पत्रों में प्रकाशित कराने का कष्ट करें।

(डॉ0 नुसरत मेहदी)

निदेशक,

मध्यप्रदेश उर्दू अकादमी